
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition


यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-209 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 12 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## गरीबी मुक्त उत्तर प्रदेश, 34 प्रतिशत गरीब परिवारों तक पहुंचीं सभी योजनाएं

### पीएम आवास का टारगेट पूरा होते ही 30 फीसदी और बढ़ेगा आंकड़ा






( यंग भारत न्यूज )


**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी 'जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश' अभियान के तहत प्रदेश के गरीब और वंचित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम रंग लाने लगी है। हालिया समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 4,25,101 अत्यंत गरीब परिवारों (34 प्रतिशत) को उनकी पात्रता के अनुसार सभी सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित (संतृप्त) किया जा चुका है। प्रदेश सरकार का आकलन है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के वर्तमान लक्ष्य पूरे होते ही यह आंकड़ा 30 प्रतिशत और बढ़ जाएगा, जिससे प्रदेश में एक बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा से स्थायी रूप से बाहर आ जाएगी।

इस महाअभियान के प्रथम चरण में राशन कार्ड, निराश्रित महिला पेंशन, श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) कार्ड, आयुष्मान भारत, दिव्यांग व वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि और पीएम/सीएम आवास जैसी आठ बुनियादी योजनाओं को शामिल किया गया था। इनमें राशन कार्ड में 97%, निराश्रित महिला पेंशन में 98%, श्रमिक कार्ड में 95% तथा आयुष्मान भारत योजना में 92% की बड़ी उपलब्धि दर्ज की जा चुकी है। वहीं, दूसरे चरण की योजनाओं में शौचालय सहायता, स्वयं सहायता समूह और स्कूल नामांकन में यूपी ने 100 प्रतिशत संतृप्तिकरण का ऐतिहासिक आंकड़ा छू लिया है। योजनाओं को धरातल पर उतारने और गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाने के मामले में जिलों की रैंकिंग भी जारी की गई है। इस सूची में हाथरस 78 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर काबिज है। इसके बाद गाजियाबाद, शामली, मुजफ्फरनगर, बदायूं, अमरोहा, महाराजगंज, मेरठ, बागपत और गोरखपुर शीर्ष दस (ज्ञश्थ्न 10) जिलों में शामिल हैं। इसके विपरीत आगरा, मऊ, प्रयागराज, बांदा, बलिया, फतेहपुर, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, बहराइच और उन्नाव का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा, जिसमें उन्नाव पूरे प्रदेश में अंतिम स्थान पर है। इस अभियान का एक सबसे मजबूत स्तंभ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए प्रदेश में 18 से 35 वर्ष के लगभग 19 लाख युवाओं की पहचान की गई है। अब तक 43,647 युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,14,715 युवाओं को स्किलिंग कार्यक्रमों के लिए चिन्हित किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईटीआई के माध्यम से हजारों युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और ओडीओपी के जरिए युवाओं को नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार के बेहतरीन अवसर दिए जा रहे हैं। योगी सरकार ने इस अभियान को पूरी तरह से समावेशी बनाने के लिए सामाजिक संगठनों और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संस्थाओं की भागीदारी को भी जोड़ा है।

विभिन्न संस्थाओं के साथ हुए एमओयू के तहत अब आजीविका विकास, प्लेसमेंट, स्वास्थ्य सेवाएं, मोतियाबिंद ऑपरेशन, टीबी उन्मूलन, पोषण किट, स्कूल किट और दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराने जैसे सामाजिक कार्य तेज गति से किए जाएंगे। सरकार का अंतिम लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

## लखनऊ से कानपुर का सफर 30 मिनट में!

### 13 जुलाई को राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और योगी एक्सप्रेसवे का करेंगे उद्घाटन



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर वाहन दौड़ने को तैयार हैं। जल्द ही इस पर वाहन फर्राटा भरेंगे। 13 जुलाई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सीएम योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। इसके बाद एक्सप्रेसवे जनता के लिए खुल जाएगा।

63 किलोमीटर लंबे लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे 3,600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। लखनऊ से कानपुर की यात्रा घटकर 30-35 मिनट रह जाएगी। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे पर वाहन 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे 4 बड़े पुल, 25 छोटे पुल, 4 फ्लाईओवर और 24 अंडरपास बनाए गए हैं। 120 किमी प्रते घंटे से अधिक रफ्तार पर एआई आधारित एटीएमएस से स्वतः चालान होगा। 63 सीसीटीवी कैमरे और 16 वीडियो डिटेक्शन सिस्टम से 24 घंटे निगरानी होगी। दुर्घटना की स्थिति में 15 मिनट के भीतर आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे शुरू होने से लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, अयोध्या और सुल्तानपुर के यात्रियों को लाभ मिलेगा। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे उद्घाटन कार्यक्रम के लिए उन्नाव जिले के पुरवा विधानसभा और सदर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़री खुर्द के मजरे झाऊखेड़ा स्थल का चयन किया गया है। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का 45.58 किलोमीटर एरिया उन्नाव में पड़ता है, जो ग्रीन फील्ड एरिया है। वहीं, लखनऊ में करीब 18 किमीटर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे मार्ग है। इसको कानपुर-लखनऊ एनएच, उन्नाव-लालगंज एनएच, गंगा एक्सप्रेसवे, आउटर रिंग रोड से कनेक्ट किया गया है। वर्तमान में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे छह लेन का है। भविष्य में इसे आठ लेन तक किया जा सकता है।

## सुर्खियां..........

### 33 हजार केवी की लाइन को विद्यालय की बाउंड्रीवाल के पास से निकाले जाने से हादसे की आशंका

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** लौना गांव में नव निर्मित पावर हाउस के लिए उदोतपुरा पावर हाउस से लाई जा रही 33 हजार केवी की बिजली लाइन को उच्च प्राथमिक विद्यालय लौना की बाउंड्रीवाल से सटाकर निकाले जाने से हादसे की आशंका बढ़ गई है। मामले को लेकर विद्यालय की प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर लाइन को विद्यालय से हटाकर दूसरी जगह से ले जाने की मांग की है।

### कार के अचानक ब्रेक लगाने से बाईक टकराई, युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** उरई मार्ग पर भिटारा के पास आगे चल रही कार के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा बाइक सवार असंतुलित होकर कार से टकरा गया। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। औरैया जनपद के औरैया निवासी अभिषेक कुमार (28) अपनी बाइक लेकर औरैया से उरई की ओर जा रहे थे। जब वह बाइक लेकर भिटारा से कुछ आगे निकले। तो उनके आगे एक कार चल रही थी।

### आसरा कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में नगर की आसरा कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला; जिला पंचायत अध्यक्षों को बनाया गया प्रशासक, कल खत्म हो रहा है अध्यक्षों का कार्यकाल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार का शुक्रवार को बड़ा फैसला सामने आया है. सामान्य पंचायत निर्वाचन-2021 के बाद गठित उत्तर प्रदेश की सभी जिला पंचायतों का पांच वर्षीय कार्यकाल 11 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है. इस संबंध में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए निर्णय लिया है कि नई जिला पंचायतों के गठन तक निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाएगा.



सरकारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा-20(1) के तहत प्रत्येक जिला पंचायत का कार्यकाल उसकी प्रथम बैठक की तिथि से पांच वर्ष तक निर्धारित है, जबकि धारा-21 के अनुसार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का कार्यकाल भी जिला पंचायत के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाता है.सरकार ने अधिनियम की धारा-20(3-क) का हवाला देते हुए कहा है कि यदि अपरिहार्य परिस्थितियों अथवा लोकहित में कार्यकाल समाप्त होने से पहले नई जिला पंचायत का निर्वाचन कराना संभव न हो, तो राज्य सरकार प्रशासनिक समिति अथवा प्रशासक नियुक्त कर सकती है. ऐसे प्रशासक अधिकतम छह माह तक अथवा नई जिला पंचायत के गठन तक, जो पहले हो, कार्य कर सकते हैं. इसी प्रावधान के तहत राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि 12 जुलाई 2026 से नई जिला पंचायतों की प्रथम बैठक होने अथवा अधिकतम छह माह की अवधि पूरी होने तक, निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्षों को संबंधित जिला पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया जाएगा. इसके लिए संबंधित जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया गया है कि वे अपने जनपद में निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रशासक के रूप में नामित करें. सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्त प्रशासक केवल सामान्य एवं नियमित प्रशासनिक कार्यों का ही निर्वहन करेंगे. उन्हें किसी भी प्रकार के नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा. यदि कोई अत्यावश्यक अथवा विशेष परिस्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें नीतिगत निर्णय आवश्यक हो, तो संबंधित प्रस्ताव जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा.

# आईएएस रिंकू सिंह को जालौन से 45 दिन मात्र में हटा दिए जाने को 150 करोड़ के सरकारी भूमि घोटाले में दोषियों का पक्ष करना माना जा रहा है

### जालौन से आकर सभी वर्गों के लोगों ने उरई कलेक्ट्रेट में डीएम हाय-हाय और रिंकू सिंह को वापस जालौन भेजों के जमकर लगाए नारे

- कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, सरकारी भूमि घोटाले की जांच पूरी कराने और व्हाट्सएप जनसुनवाई व्यवस्था बहाल करने की उठाई मांग
- वर्षो से भृष्टाचार युक्त चल रही सरकारी दफ्तरों की व्यवस्था से तंग लोगों को जब जॉइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह ने तत्काल बिना घूस के उनके काम करवाये तो वे रिंकू सिंह के मुरीद हो गए
- जिले में आए नोडल अधिकारी के सामने डीएम की हुई खासी किरकिरी, प्रशासनिक क्षमता पर उठ खड़े हुए सवाल

(अनिल शर्मा+संजय श्रीवास्तव)

(यंग भारत न्यूज़)

**उरई।** आईएएस रिंकू सिंह राही को जालौन एसडीएम पद से बिना कारण 45 दिवस में हटा देने से आक्रोशित जालौन के युवाओं, महिलाओं एवं छात्र छात्राओं ने उरई आकर कलेक्ट्रट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जम कर नारे बाजी की और रिंकू सिंह की पुनः जालौन वापसी की पुरजोर मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जालौन तहसील में रिंकू सिंह राही जैसे ईमानदार और जनहित में कार्य करने वाले अधिकारी लंबे समय बाद मिले थे, जिन्होंने गरीबों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उनका आरोप था कि जिन विभागों में भ्रष्टाचार की जांच चल रही थी, उन मामलों में






कार्रवाई पूरी होने से पहले ही उनका तबादला कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने इसे ईमानदार अधिकारियों के साथ अन्याय बताते हुए राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप लगाया। ज्ञापन में मांग की गई कि आईएएस रिंकू सिंह राही को पुनः जालौन तहसील में एसडीएम के पद पर तैनात किया जाए। साथ ही जिन विभागों और व्यक्तियों की जांच उनके कार्यकाल में चल रही थी, उनकी निष्पक्ष जांच पूरी कराकर दोषियों पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग उठाई कि रिंकू सिंह राही के खिलाफ विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप निराधार पाए जाएं तो संबंधित लोगों पर उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में एक महत्वपूर्ण मांग यह भी शामिल रही कि रिंकू सिंह राही द्वारा प्रत्येक गांव और मोहल्ले के लिए बनाए गए व्हाट्सएप जनसुनवाई समूहों को फिर से शुरू कराया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस व्यवस्था के माध्यम से लोगों को अपनी शिकायत लेकर कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते थे और घर बैठे ही समस्याओं का समाधान हो जाता था। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने प्रशासन और सरकार से ईमानदार अधिकारियों को संरक्षण देने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही कार्रवाई को प्रभावित न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में अरुण, अमित कुमार, मोहम्मद हसन, रामाश्रय, प्रदुमन कुमार, दीपराज, आशीष, आकाश, आयुष, शौकीन सहित सैकड़ों युवा और नागरिक शामिल रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल तक उनकी मांग पहुंचाने का अनुरोध किया। पूरे प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।

# नगर की साहित्यिक संस्था बागीश्वरी साहित्य परिषद ने किया वृक्षारोपण





( यंग भारत न्यूज )

कोंच पर्यावरण संरक्षित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में विकास खंड क्षेत्र के ग्राम नरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में साहित्यिक संस्था 'बागीश्वरी साहित्य परिषद' से जुड़े सदस्यों सहित समाजसेवियों एवं गणमान्य जनों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। परिषद के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता, संतोष तिवारी, आशाराम मिश्रा, चतुर्भुज चंदेरिया, वैदेहीशरण झा, अक्षत गुप्ता, डॉ हरपाल सिंह यादव, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षक डॉ ज्ञानचंद आदि अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन किया उसके बाद विद्यालय के हेड मास्टर रामसनेही राजपूत, प्रधानाचार्य डॉ हरपाल सिंह यादव, सहायक अध्यापक रुचिर नायक, भीम प्रकाश, संगीता वर्मा, प्रीति खरे आदि ने उपस्थित सभी साहित्यकारो सहित अतिथियो का स्वागत सम्मान किया।अतिथियों ने विद्यालय परिसर में फल, औषधि एवं छायादार अनेक पौधे रोपे और उन्हें सींचा। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि पेड़ पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल करना वर्तमान परिस्थितियों में पुण्य समान है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पौधे अवश्य लगाएं और उनकी समुचित देखभाल भी करें तभी पौधारोपण का महत्व सार्थक रूप ले सकेगा। पेड़ पौधों के बगैर आने वाला भविष्य अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझने वाला है इसलिए पेड़ों को कटने से रोकने में आगे आयें। आज जो दैवीय आपदाएं सामने देखने को मिल रही हैं यह सब पर्यावरण के असंतुलन होने का ही नतीजा है।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों सहित उनके अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में चार फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। प्रभारी कोतवाल ने शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में प्रभारी कोतवाल विवेक मौर्य की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र चार फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। धनौरा कलां निवासी सुशील कुमार ने आराजी की पैमाइश कराने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। चिमनदुबे निवासी कपिल कुमार ने खेत के बंटवारे को लेकर शिकायत दर्ज कराई। अलाईपुरा निवासी गया प्रसाद ने आम रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। वहीं, उरगांव निवासी मोहर सिंह ने चकरोड पर अवैध कब्जे और किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर प्रभारी कोतवाल ने उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल, एसआई अमर सिंह, निसार अहमद, अटल बिहारी, जयकिशोर, नैंसी गुप्ता, आकाश तिवारी, सिंकी भास्कर आदि मौजूद रहे।

# एसडीओ के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र से शुरू हुआ वृक्षारोपण अभियान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। एसडीओ धर्मेंद्र सिंह सचान के नेतृत्व में विद्युत सब स्टेशन कालपी परिसर में पांच छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों ने धरती को हरा-भरा बनाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम, अभिषेक धीर, भूपेंद्र सिंह, रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, बिमलेश कुमार, फहमीद, ए.के. निगम तथा महेवा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता नवीन सचान सहित समाजसेवियों ने सहभागिता कर पौधे लगाए। एसडीओ धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि विभाग का वृक्षारोपण अभियान आगामी दिनों में और व्यापक रूप से चलाया जाएगा। इसके तहत कालपी के अलावा उसरगांव, महेवा तथा नियामतपुर विद्युत सब स्टेशनों पर भी छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# आवास दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बीते दिनों पहले स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना चुर्खी में एक व्यक्ति के साथ बार-बार ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कराकर आवास के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना चुर्खी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी विनोद पाल पुत्र मइयादीन निवासी ग्राम चुर्खी ने थाना चुर्खी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी भोपाल में पानी बतासे का काम करके बच्चों का पालन पोषण करता है।दिनांक 07.04.2026 को प्रार्थी के पास आरोपी संतोष सिंह निवासी ग्राम खैरई थाना कालपी बार-बार कॉल करके प्रार्थी को अपना फर्जी नाम लोकेश बताते हुए कहा कि मैं विकास भवन में बाबू हूं। तथा प्रार्थी से धोखाधड़ी करके कॉलोनी दिलाने के नाम पर दिनांक 07.04.2026 को यूपीआई के माध्यम से पहला ट्रांजैक्शन 6060 रुपए लिए व दूसरा ट्रांजैक्शन दिनांक 09.04.2026 को 6600 रूपये लिए। तीसरा ट्रांजेक्शन 15.04.2026 को 10200 रुपया लिए। चौथा ट्रांजैक्शन दिनांक 23.04.2026 को 8900 रूपये लिए। पांचवा ट्रांजैक्शन दिनांक 09.05.2026 को 5700 रूपये लिया। प्रार्थी से कुल 37460 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली है। प्रार्थी को जब जानकारी हुई कि प्रार्थी के साथ फ्रॉड हुआ है। तो प्रार्थी ने तुरंत 1930 पर दिनांक 18.05.2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी संतोष सिंह चंदेल द्वारा प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी करके ऑनलाईन ठगी की है। वादी की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विवाहिता ने ससुरालीजनो पर लगाया मारपीट, अत्याचार और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** महिला संग ससुरालीजनों द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने और दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी महिला राजिया नाज ने कोर्ट में दायर किए वाद में बताया कि गत समय पूर्व पति अंसार ने उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी, साथ ही ससुरालीजनों ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके साथ उक्त घटना झांसी स्थित नूरजहाँ के मकान में घटित हुई। मामले की शिकायत उसने पुलिस से की थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उक्त मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अंसार, निसार, इसरार निवासीगण भगत सिंह नगर और साहिल, निसार, आदिल निवासीगण झांसी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# लंबे इंतजार के बाद जोल्हूपुर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य को मिली रफ्तार

## -13 प्रभावितों को 40 लाख रुपये का मुआवजा वितरित, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा





( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** लंम्बे अरसे से अधर में लटका जोल्हूपुर रेलवे ओवरब्रिज के दूसरे साइड का निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू हो गया है। भूमि संबंधी बाधाएं दूर होने और प्रभावित परिवारों को मुआवजा वितरित किए जाने के बाद कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने निर्माण कार्य में तेजी ला दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जोल्हूपुर मोड़ - हमीरपुर फोर लेन सड़क में जोल्हूपुर रेलवे लाइन की क्रासिंग में ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य करीब 8 साल पहले शुरू हुआ था।3 वर्ष पहले एक साइड का ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा होने पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। जबकि दूसरे साइड का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। बीते दिनों ओवरब्रिज के निर्माण कार्य से प्रभावित 13 लोगों को करीब 39 लाख 74 हजार रुपये का मुआवजा वितरित किया गया। मुआवजा वितरण के बाद अपर जिलाधिकारी राजीव राज, एसडीएम अमित शेखर, रेलवे विभाग के अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था सेतु निगम के इंजिनियरों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय लेखपाल राघवेन्द्र सिंह निरंजन भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने लंबे समय बाद निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि ओवरब्रिज के बन जाने से आये दिन पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

# थाना समाधान दिवस में चार शिकायते दर्ज की गयी



## -मौके पर तीन का हुआ निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता एवं क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की उपस्थित में माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ईस मौके पर विभिन्न विभागो से संबंधित कुल चार प्रार्थनापत्र आए जिनमे से मौके पर तीन का निस्तारण कर दिया गया।थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आयी शिकायतो को गंभीरता से ले तथा सभी का स्थलीय निरीक्षण कर उनका निस्तारण करे।उन्होने स्पष्ट कहा कि घर बैठे शिकायतो का निस्तारण न करे।एसडीएम ने कहा शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर उसकी समस्या को सुने फिर निस्तारण करे।यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो जाता है तो उसे यहां वहां भटकना नही पडेगा।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा,सुमित पांडेय, शुभम परमार सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यमुना पुल पर भीषण जाम, वाहनों की लगी कई किलोमीटर लंबी कतारें

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** शनिवार को कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यमुना पुल के पास भीषण जाम लगने से वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार थम गई और यात्रियों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, पुराने यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के चलते पिछले करीब डेढ़ माह से वाहनों का आवागमन बंद है। ऐसे में समस्त यातायात नए पुल से संचालित होने के कारण वाहनों का दबाव लगातार बढ़ा हुआ है। शनिवार को हाईवे पर भारी वाहनों के खराब हो जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और देखते ही देखते लंबा जाम लग गया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर पहुंचे यातायात को सुचारु कराने में जुटे रहे। सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। भीषण गर्मी में बसों, कारों और अन्य वाहनों में बैठे यात्रियों को काफी कठिनाइयों का स ामना करना पड़ा। नागरिकों तथा वाहन आपरेटरो का कहना है कि जब तक पुराने पुल का मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक यमुना पुल पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये

# वित्तीय धोखाधड़ी कर धन प्राप्त करने पर मुकदमा दर्ज

## एसबीआई शाखा कोंच के चार खातों के खाताधारकों समेत मामले में संलिप्त उनके साथियों पर पुलिस ने कराई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कों**च भारत सरकार के समवय प्रतिबिम्ब पोर्टल पर एसबीआई मुख्य शाखा पटेल नगर कोंच एवं एसबीआई शाखा नदीगांव रोड कोंच में संचालित कुछ बैंक खातों से वित्तीय धोखाधड़ी के माध्यम से प्राप्त धन का आवागमन होने की अलग-अलग प्राप्त साइबर अपराध शिकायतों के मामले में अब कार्यवाही होती नजर आ रही है। अभी तक ऐसे चार संदिग्ध खाते सामने आए हैं जिनमें पुलिस द्वारा कोतवाली कोंच में संबंधित खाताधारकों एवं पूरे मामले में संलिप्त उनके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाली के उपनिरीक्षक शुभम परमार द्वारा पटेल नगर कोंच स्थित एसबीआई मुख्य शाखा में संचालित खाते के खाताधारक शिवकुमार निवासी गोखले नगर कोंच सहित उनके साथी अनमोल प्रजापति निवासी गोखले नगर और प्रिंस राजपूत निवासी ग्राम सुनाया सहित नदीगांव रोड कोंच स्थित एसबीआई शाखा में संचालित खाते के खाताधारक हरिओम निवासी जवाहर नगर कोंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं उपनिरीक्षक सुमित पांडेय द्वारा एसबीआई मुख्य शाखा में संचालित खाते के खाताधारक विशाल अग्रवाल निवासी जवाहर नगर एवं मुख्य शाखा में ही संचालित खाते के खाताधारक देवेश कुमार निवासी नया पटेल नगर कोंच सहित उनके साथी अनिकेत राजपूत और प्रिंस राजपूत निवासीगण दोनों ग्राम सुनाया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में इन खातों से धोखाधड़ी के माध्यम से प्राप्त हुए धन का बड़े पैमाने पर आवागमन किया जा रहा था। शिकायत के बाद तमाम संदिग्ध बैंक खाते होल्ड कर दिए गए हैं और साइबर अपराध के तहत जांच पड़ताल की जा रही है। अब देखना होगा कि इन खातों के अलावा कितने और खाते सामने आते हैं।प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व मे पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।उन्होने कहा धोखाधड़ी के इस मामले में जो भी संलिप्त होगा उसे किसी भी सूरत में छोडा नही जाएगा।

# उरई मेडिकल कॉलेज में 570 आउटसोर्स कर्मचारियों का दो माह का वेतन अटका, रिश्वत मांगने के आरोप से बढ़ा विवाद

- मई-जून का वेतन न मिलने से 570 आउटसोर्स कर्मचारियों में नाराजगी
- प्रधानाचार्य पर बिल पास करने के बदले रुपये मांगने के आरोप, आधिकारिक पुष्टि नहीं
- कर्मचारियों ने भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी
- स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के दो माह (मई और जून) के वेतन का भुगतान न होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे, जिससे मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र पर आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी के बिल पास करने के बदले रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि कंपनी द्वारा कथित मांग पूरी नहीं किए जाने के कारण बिल लंबित हैं और इसी वजह से कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं हो पा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही इस संबंध में प्रधानाचार्य का आधिकारिक पक्ष सामने आया है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में जीत सिक्योरिटी सर्विसेज, प्रयागराज के लगभग 570 कर्मचारी तथा विवान पार्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के 24 कर्मचारी आउटसोर्स व्यवस्था के तहत कार्यरत हैं। इनमें सुरक्षा, सफाई एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं, जिनकी सेवाओं पर अस्पताल का दैनिक संचालन काफी हद तक निर्भर करता है। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से आर्थिक संकट गहरा गया है। कई कर्मचारियों को बच्चों की पढ़ाई, घर का किराया, दवाइयों और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो सामूहिक रूप से काम बंद करने का निर्णय लिया जा सकता है। यदि आउटसोर्स कर्मचारी कार्य बंद करते हैं तो मेडिकल कॉलेज की सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। इसका सीधा असर इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों पर पड़ सकता है। ऐसे में जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर लंबित वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने और लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और कार्य बहिष्कार की स्थिति बन सकती है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छौक में 'स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन

## पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है--अनुपमा लोधी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** अनुरागिनी संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छौक परिसर में 'स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ एवं शिक्षित बेटी ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। उन्होंने कहा कि किशोरियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए तथा संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।




अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में किशोरियां एनीमिया से प्रभावित हैं, जिसका सीधा असर उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि एनीमिया की रोकथाम के लिए पौष्टिक एवं संतुलित भोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को जंक फूड, अत्यधिक पैकेज्ड खाद्य पदार्थों एवं शीतल पेयों से दूरी बनाने की सलाह देते हुए हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, दालें, अंकुरित अनाज, दूध, दही, गुड़, चना तथा अन्य पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धोने, साफ पेयजल के उपयोग तथा मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन विकास चौधरी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि यदि छात्राएं स्वस्थ रहेंगी तो उनकी शिक्षा, आत्मविश्वास और भविष्य भी बेहतर होगा। उन्होंने विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की आवश्यकता पर बल देते हुए छात्राओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।महिला कल्याण विभाग जालौन की ऋचा द्विवेदी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विशेषज्ञ रजनी पाल ने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में किशोरियों में खून की कमी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिससे थकान, कमजोरी, चक्कर आना, पढ़ाई में ध्यान न लगना तथा शारीरिक विकास प्रभावित हो सकता है। उन्होंने बताया कि इससे बचाव के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक, मेथी, सरसों का साग, गुड़, चना, दालें, अंकुरित अनाज, बाजरा, रागी तथा विटामिन-सी युक्त फलों का नियमित सेवन करना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली आयरन एवं फोलिक एसिड की साप्ताहिक गोलियों का नियमित सेवन भी आवश्यक है। सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अतिथियों ने विद्यालय की पोषण वाटिका में पौधरोपण किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि अनुपमा लोधी ने विद्यालय की रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का देखा। इस अवसर पर जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार जालौन के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वाति श्रीवास्तव एवं वार्डन रेवती कुमारी शिक्षिका प्रियंका भदोरिया प्रतिभा द्विवेदी, उपलब्धि दोहेलिया प्रतिष्ठा श्रीवास्तव मधुबाला चतुर्वेदी सोनल संस्था के श्यामकरन प्रजापति ,नितिन सैनी उपस्थित थे संचालन वर्षा विश्वकर्मा ने किया।

# जनपद में 98.12 लाख पौधरोपण लक्ष्य की तैयारियों की समीक्षा

### -नोडल अधिकारी बोले पौधों की जीवितता और सुरक्षा पर दें विशेष ध्यान



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश शासन के सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने शनिवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में वृक्षारोपण महाअभियान-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागवार लक्ष्य, गड्ढा खोदाई, पौध उठान, रोपण स्थलों की तैयारी, परिवहन, सिंचाई एवं पौधों की सुरक्षा व्यवस्था की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 98 लाख 12 हजार 400 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें वन विभाग द्वारा 50 लाख 24 हजार तथा अन्य विभागों द्वारा 47 लाख 88 हजार 400 पौधे लगाए जाएंगे। नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी तैयारियां समय से पूरी करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई, जियो-टैगिंग और उनकी जीवितता सुनिश्चित करने की ठोस कार्ययोजना भी बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुपयुक्त स्थानों पर पौधरोपण न किया जाए तथा स्थानीय जलवायु एवं मिट्टी के अनुसार पौध प्रजातियों का चयन किया जाए। बैठक में विभागवार लक्ष्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि ग्राम्य विकास विभाग को 25.50 लाख, कृषि विभाग को 7.88 लाख, उद्यान विभाग को 3.71 लाख, पर्यावरण विभाग को 3.13 लाख तथा पंचायतीराज विभाग को 2.63 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा नगर विकास, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, सिंचाई, विद्युत, उद्योग, सहकारिता, श्रम सहित अन्य विभागों को भी अलग-अलग लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग के नोडल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय करें। उन्होंने कहा कि पौधों के उठान से लेकर रोपण स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा रोपण के बाद ट्री गार्ड, सिंचाई एवं नियमित देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एन. प्रसाद, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीडीओ निशान्त पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन सेफ फ्यूचरः नियमों की अनदेखी पर 2 स्कूली वाहन सीज, कई वाहनों के चालान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान के तहत स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान परिवहन नियमों और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार एवं यात्री/मालकर अधिकारी आनन्द राय कुरील ने विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट और सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच के दौरान कालपी क्षेत्र में दो स्कूली वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें कब्जे में लेकर उनमें सवार बच्चों को सुरक्षित रूप से चौरा के निकट उनके विद्यालय पहुंचाया गया। इसके बाद दोनों वाहनों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कोतवाली में निरुद्ध कर दिया गया। इसके अलावा अन्य कई स्कूली वाहनों के चालान भी किए गए। एआरटीओ (प्रवर्तन) राजेश कुमार ने बताया कि 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बच्चों की सुरक्षा परिवहन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन और वाहन स्वामियों को निर्देश दिए कि वे सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों, जैसे जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, आपातकालीन द्वार, फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध परमिट और प्रशिक्षित चालक की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने सभी अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले वाहन की सुरक्षा व्यवस्था और उसके वैध दस्तावेजों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि बच्चों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित रह सके।

# छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी, सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** थाना जालौन पुलिस द्वारा शनिवार, 11 जुलाई 2026 को एम.एल.बी. इंटर कॉलेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में वे बिना झिझक 112 (पुलिस), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस) सहित अन्य हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को अपने अधिकारों, आत्मरक्षा तथा सोशल मीडिया एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# एट थाना पुलिस, सर्विलांस एवम स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से एसपी के निर्देशन में 4 दिन पूर्व हुई लूट की वारदात का खुलासा

### -लूटी गई बाइक , प्रयुक्त कार, 8 हजार रुपये बरामद करके तीन लुटेरे गिरफ्तार, जबकि सरगना फरार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई( जालौन ) 11 जुलाई।** थाना एट पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एट थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 दिन पहले हुई लूट की घटना का सफल अनावरण हो गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटर साइकिल, नकदी के अलावा अवैध हथियार भी बरामद हुआ है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त कार भी कार भी पुलिस को मिल गई है।

घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी ने बताया कि 10 जुलाई को वादी लक्ष्मी नारायण ने थाना एट में सूचना दी थी कि 7 जुलाई की रात अज्ञात बदमाशों ने क़ुरकुरू और पचोखरा के बीच चार पहिया वाहन से उनकी मोटरसाइकिल को रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसका मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल तथा 8000 रुपये लूट लिए। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 93/2026 धारा 309(4)/352 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देश पर तथा उनके पर्यवेक्षण में 11 जुलाई को एट पुलिस तथा स्वाट/सर्विलांस टीम कोंच रोड के अमीटा तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल, 4500 रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा एक बलेनो कार बरामद की गई। कार को लूट की घटना में प्रयुक्त किया गया था। एएसपी ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में विवेक पुत्र बाल किशन अहिरवार निवासी ग्राम रतोसा थाना उल्दन, विनय कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी सिजवां थाना तोढ़ी फतेहपुर और साकिर पुत्र हजरत निवासी ग्राम हाटी थाना उल्दन जिला झांसी के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लूट में शामिल मुख्य अभियुक्त की तलाश जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी विवेक के खिलाफ पहले भी आपराधिक मुकदम दर्ज हुआ है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की है। खुलासे में एट एसओ शिवशंकर एवं स्वाट प्रभारी रिंकू चौधरी की सराहनीय भूमिका रही।

# वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

### नवीन गल्ला मंडी, आटा में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**आटा ( जालौन )।** जनपद में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने नवीन गल्ला मंडी के समीप आटा में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वृक्षारोपण स्थल का जायजा लेते हुए तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पौधरोपण स्थल की तैयारियों, गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा आगंतुकों की सुविधा से जुड़े सभी बिंदुओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का जनआंदोलन है। प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता से करे, ताकि कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी बने। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का अंतिम परीक्षण कर लिया जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 12 जुलाई को जिले के दौरे पर आएंगे काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

### वृक्षारोपण व विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रविवार 12 जुलाई 2026 को जालौन जनपद के दौरे पर रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री विभिन्न विकास कार्यक्रमों में भाग लेंगे, वृक्षारोपण करेंगे तथा कई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री सुबह 4:21 बजे दतिया रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और सर्किट हाउस दतिया में विश्राम के बाद सुबह 8:00 बजे सड़क मार्ग से उरई के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 10:00 बजे उरई पहुंचकर वह गुरुद्वारा के पास आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।इसके बाद दोपहर 12:30 बजे मंत्री इंदिरा स्टेडियम, उरई में नवनिर्मित स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 1:00 बजे वे पेंशन भवन सहित अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के तहत दोपहर 2:00 बजे प्रभारी मंत्री भाजपा नेता अजय नाथ सिंह (राजा भैया) के आवास पर जाएंगे। इसके बाद शाम 4:00 बजे कोच बस स्टैंड, कोंच में आयोजित माँ यमुना महाआरती एवं नदी समर्पण पर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाम 5:30 बजे वह लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे और रात 9:30 बजे शासकीय आवास, लखनऊ पहुंचेंगे। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बीपी जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंदिर चढ़ावा, ट्रस्ट व्यवस्था और चुनावी मुद्दों पर उठाए सवाल

( यंग भारत न्यूज )




**माधौगढ़ ( जालौन )।** बीपी जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह राजावत ने माधौगढ़ में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े चढ़ावे, मंदिरों के प्रबंधन, सामाजिक भागीदारी और चुनाव व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर अपनी पार्टी का पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि देशभर के श्रद्धालुओं ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए बड़ी संख्या में आर्थिक सहयोग दिया था। उनका दावा था कि चंदे की राशि के हिसाब-किताब को लेकर सवाल उठ रहे हैं और इसकी पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों का संचालन सरकारी ट्रस्टों के बजाय महंतों के हाथों में होना चाहिए। बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि मंदिरों के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि चंदे से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सामाजिक एवं आर्थिक समानता की वकालत करते हुए कहा कि सभी समाजों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता तथा समान अवसर की भी मांग की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए मतदाता सूची और ईवीएम व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई तथा आधार कार्ड के माध्यम से मतदान कराने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में योग्य और जनसमर्थन वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भदौरिया (शैलू), रामकुमार बाबूजी, मानवेन्द्र सिंह तोमर, अंकुर श्रीवास्तव, मोहित दक्ष एवं प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अविरल-निर्मल यमुना यात्रा के संकल्प को मिलेगा नया आयाम

## -12 जुलाई को पचनदा धाम में पंचनदी मूर्तियों की होगी प्रतिष्ठापना एवं नदी सम्मेलन का आयोजन




**( यंग भारत न्यूज )**

**पचनद ( जालौन )।** नदियों के संरक्षण, पुनर्जीवन और जनभागीदारी को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जल सहेली संगठन द्वारा संचालित अविरल-निर्मल यमुना यात्रा के संकल्प को अब एक नया और ऐतिहासिक आयाम मिलने जा रहा है। इसी क्रम में 12 जुलाई 2026 को जनपद जालौन के पचनदा धाम (कंजौसा) में पाँच पवित्र नदियों की मूर्तियों की प्रतिष्ठापना एवं नदी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि 29 जनवरी 2026 को पचनदा धाम से प्रारंभ हुई अविरल-निर्मल यमुना यात्रा यमुना तटवर्ती क्षेत्रों से होकर विभिन्न जनपदों एवं राज्यों में नदी संरक्षण, जल संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश देती हुई 26 फरवरी 2026 को दिल्ली के वासुदेव घाट पर संपन्न हुई थी। यात्रा के दौरान हजारों नागरिकों, जल सहेलियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने नदियों को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। यात्रा की इस ऐतिहासिक विरासत को स्थायी स्वरूप प्रदान करने तथा नदी संरक्षण के संदेश को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पचनदा धाम में पंचनदी मूर्तियों की प्रतिष्ठापना की जा रही है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके करकमलों द्वारा पाँच नदी मूर्तियों का विधिवत अनावरण एवं प्रतिष्ठापना संपन्न होगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जल सहेलियों, पर्यावरणविदों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, नदी संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

आयोजन को सफल बनाने के लिए जालौन जिला प्रशासन सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटा है। प्रशासन के मार्गदर्शन एवं समन्वय से सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इसी आयोजन के अंतर्गत पचनदा धाम में ऑक्सीजन वाटिका की स्थापना भी की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस वाटिका में पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन, जामुन, सहजन, अशोक एवं अमलतास जैसे देशी एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी वृक्षों का सामूहिक वृक्षारोपण किया जाएगा। ये वृक्ष अधिक ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ घनी छाया, जैव विविधता के संरक्षण, भूजल संवर्धन तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दिन जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, जल सहेलियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से इस ऑक्सीजन वाटिका की स्थापना की जाएगी, जो भविष्य में स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं एवं वन्य जीवों के लिए स्वच्छ वायु, शीतल छाया तथा हरित वातावरण का स्थायी स्रोत बनेगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और प्रकृति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश भी देगी। इसी अवसर पर आयोजित होने वाला नदी सम्मेलन नदियों के संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत जल प्रबंधन पर गंभीर विमर्श का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। सम्मेलन में प्रशासनिक अधिकारियों, जल विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच नदी संस्कृति, जलवायु परिवर्तन, वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता तथा भविष्य की नदी संरक्षण रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा होगी। साथ ही नदियों को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा।

पचनदा धाम देश का एकमात्र ऐसा पवित्र स्थल है जहाँ यमुना, पहुज, चम्बल, कुवारी और सिंध जैसी पाँच अंतर्राज्यीय नदियाँ संगम बनाती हैं। पौराणिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी पावन भूमि पर पंचनदी मूर्तियों की प्रतिष्ठापना का उद्देश्य नई पीढ़ी में अपनी सांस्कृतिक विरासत, नदी सभ्यता और प्रकृति संरक्षण के प्रति आस्था, सम्मान तथा जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। आयोजकों ने प्रदेश एवं जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, पर्यावरण प्रेमियों तथा आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर नदी संरक्षण के इस जनआंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान करें।

# मौसम के बदले मिजाज से बढ़ा बीमारियों का ग्राफ, माधौगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पर उमड़ी मरीजों की भीड़



**( यंग भारत न्यूज )**

**माधौगढ़ ( जालौन )** जनपद में पिछले दो-तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। इस बेमौसम बदलाव से एक ओर जहाँ लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर बीच-बीच में तेज धूप निकलने के कारण उमस का प्रकोप चरम पर पहुँच गया है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव और जानलेवा उमस ने लोगों को बीमारियों के जाल में फंसाना शुरू कर दिया है, जिसके चलते क्षेत्र में वायरल और मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती तादाद इस बात की गवाही दे रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में इन दिनों इलाज के लिए मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ओपीडी से लेकर दवा वितरण काउंटर तक लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। बढ़ते मरीजों और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष राजपूत से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि बरसात और अत्यधिक उमस का मौसम कई तरह की संक्रामक बीमारियों को जन्म देता है। उन्होंने विशेष रूप से सचेत करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में जलजमाव के कारण जहरीले सांपों और कीड़े-मकोड़ों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति सर्पदंश या किसी जहरीले कीड़े का शिकार होता है, तो वह झाड़-फूंक जैसे जानलेवा अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर अपना कीमती समय बर्बाद न करे। मरीज को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल लेकर आएं, जहाँ एंटी-स्नेक वेनम सहित सभी जरूरी इलाज और दवाइयां मुफ्त उपलब्ध हैं। डॉ. मनीष राजपूत ने क्षेत्रवासियों को इन मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं इस मौसम में दूषित पानी से होने वाले रोगों (जैसे डायरिया, टाइफाइड) का खतरा रहता है, इसलिए पानी को हमेशा उबालकर या छानकर पिएं। खान-पान का विशेष ध्यान रखें। ताजा बना भोजन ही खाएं और खुले में रखी या कटी हुई खाद्य सामग्रियों से पूरी तरह दूर रहें। अपने घर के आसपास पानी न जमा होने दें। कूलर, गमलों और टायरों की नियमित सफाई करें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें।घरों के आसपास ब्लीचिंग पाउडर या कीटनाशक का छिड़काव करें ताकि कीड़े-मकोड़े दूर रहें।

चिकित्सा अधीक्षक ने अपील की है कि बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखते ही खुद डॉक्टर बनने या मेडिकल स्टोर से बिना सलाह दवा लेने के बजाय तुरंत अस्पताल आकर योग्य डॉक्टरों से परामर्श लें।

# प्राणों की दुश्मन बनी लघु सेतु की एप्रोच सड़क, धंसने से हादसे का बढ़ा खतरा



**( यंग भारत न्यूज )**

**माधौगढ़ ( जालौन )।** एट-भीखेपुर स्टेट हाईवे-152 पर रामपुरा और जगम्मनपुर के बीच महूटा के पास निर्मित लघु सेतु की एप्रोच सड़क धंस जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। सड़क का एक हिस्सा करीब एक फुट तक धंस गया है, जिससे पुल की एप्रोच पर गहरा गड्ढा बन गया है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार लघु सेतु का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह पूर्ण भी नहीं हुआ है, लेकिन एप्रोच की मिट्टी बैठने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के दौरान मानकों के अनुरूप मिट्टी का भराव और सुदृढ़ीकरण किया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी नहीं धंसती। यह मार्ग रामपुरा, जगम्मनपुर सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया, मालवाहक तथा यात्री वाहन गुजरते हैं। सड़क धंसने के कारण विशेष रूप से रात के समय वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनजान वाहन चालक क्षतिग्रस्त हिस्से का अनुमान नहीं लगा पाते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सड़क का धंस जाना गुणवत्ता की पोल खोल रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से तत्काल मौके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त एप्रोच सड़क की मरम्मत कराने, सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनी संकेतक और बैरिकेडिंग लगाने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय विभाग को पहले ही आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# विभिन्न स्थलों पर विदाई समारोह सम्पन्न हुआ

**( यंग भारत न्यूज )**



**कालपी** - भारतीय जीवन बीमा निगम की सेटेलाइट शाखा कालपी के विकास अधिकारी का 11 वर्ष की सेवाएं देने के बाद सहायक शाखा प्रबंधक फूलपुर (गोरखपुर) होने पर विभिन्न स्थलों पर विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें उनके कार्यों की प्रशंसा की गई।

शनिवार को कालपी एलआईसी शाखा के विकास अधिकारी उमेश सिंह परमार द्वारा कालपी ब्रान्च में 11 वर्षों तक यहां कार्यरत रहे तथा इस शाखा में जी तोड़ मेहनत की तथा नगर के सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता रही।उनके प्रोन्नति सहायक शाखा प्रबन्धक अभिकर्ता समूह द्वारा रूद्राक्ष रेस्टोरेंट में व एलआईसी शाखा कालपी में विदाई समारोह सम्पन्न हुआ।इसके उपरांत किटी मेम्बरो द्वारा श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में विदाई समारोह सम्पन्न हुआ तथा फूल मालाओं के साथ विदाई दी गई।इस दौरान सन्दीप गुप्ता,शिव कुमार कनौजिया,प्रेम कुमार गुप्ता, रामदत्त मोनस,हरभूषण सिंह,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,पारस पुरवार,अरविन्द गुप्ता,पाल जी मास्टर,अरविन्द शर्मा,धीरज पुरवार आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# 'पेड़ होंगे तो कल होगा' संदेश के साथ प्राथमिक विद्यालय मौखरी में स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता

## मिशन लाइफ के तहत इको क्लब की गतिविधि में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**( यंग भारत न्यूज )**



**उरई, जालौन।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय मौखरी में इको क्लब के अंतर्गत मिशन लाइफ गतिविधियों के तहत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर और प्रभावी स्लोगन तैयार कर पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण का आह्वान किया।

कार्यक्रम में रक्षा कुशवाहा, आकांक्षा कुशवाहा, परी, ममता, मोहिनी, अंजलि, जया, जैस्मिन, पवन, अभि, आयुष, गोपाल, मोहित, वंश, दीप एवं अरुण सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षिका निधि गुप्ता एवं सृष्टि गौतम ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. ममता स्वर्णकार ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि 'धरती मां को बचाओ, अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाओ।' उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने की अपील की।

# थाना समाधान दिवस में 4 मामले प्रस्तुत 2 का मौके पर निस्तारण

**( यंग भारत न्यूज )**



**कालपी-उरई।** शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी तथा एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी अमित शेखर की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भूमि सम्बंधी 4 शिकायती पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

कोतवाली कालपी के सभागार में आयोजित थाना दिवस मे अधिकारियों के समक्ष रामसेवक निवासी ग्राम हीरापुर में शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी की गाटा संख्या 79 की जमीन में दबंग लोग कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यवाही करने की मांग की है ।लाल सिंह निवासी महेवा ने प्रार्थना पत्र देते हुए प्रार्थी के घर के दरवाजे को बंद कर रहे हैं। इसी क्रम में गौरव सिंह निवासी ग्राम उरकरा कला ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि गांव की आम रास्ता में विपक्षी का घूरा डाल करके अतिक्रमण कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि राजस्व सम्बंधित मामलों को मौके पर पहुंच कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, राजेंद्र बाबू,लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेन्द्र निरंजन,विभा देवी,लिया चौहान,आकाश, आदर्श सिंह जादौन, विनय सिंह, पल्लवी, राजकमल समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# वृक्षों के बिना मानव जीवन असंभव नहीं नामुमकिन है - भुवनेन्द्र

**( यंग भारत न्यूज )**



**माधौगढ़( जालौन )** वृक्षों के बिना मानव जीवन असंभव नहीं नामुमकिन है ये सभी जीवों को जीवनदान देते हैं यह बात प्रभारी तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण कार्य करते हुए कही उन्होंने कहा कि वृक्ष हम सभी को आक्सीजन के रूप में जीवनदायिनी हवा देने का काम करते हैं वृक्ष हम लोगों को फूल पत्ता फल लकड़ी गोद से लेकर तमाम वस्तुएं जीवनपर्यंत निशुल्क मिलती है इस मौके पर विजय कुमार आरके अखिलेश वेदू विनोद कुमार लालबहादुर सिंह महेंद्र सिंह अरविंद सिंह योगेन्द्र सिंह अंकित सिंह जावेद सौरभ कुमार राकेश मोनू भाई नीतेश धीरज कपिल समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है

# कुठौंद पुलिस को मिली बड़ी सफलता तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**( यंग भारत न्यूज )**



**कुठौंद ( जालौन ):** कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत-पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठौंद पुलिस टीम रात्रि में भ्रमण पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली की नहर कोठी के पास रणधीरपुर रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर राजवीर सिंह पुत्र धीरज सिंह निवासी ग्राम मालपुर उम्र 30 वर्ष को एक अदद अवैध देसी तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जालौन के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे कुठौंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त राजवीर सिंह पुत्र धीरज सिंह पर थाना स्थानीय में मुकदमा अपराध संख्या 93/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जबकि अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय थाना में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं इस सफल कारवाई में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार कांस्टेबल प्रवीण राज शर्मा कांस्टेबल अनमोल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# तालाब में डूबने से बुजुर्ग किसान की मौत, गोताखोरों ने बरामद किया शव

**( यंग भारत न्यूज )**



उरई /**कोटरा** । कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुर में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय किसान अर्जुन सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शनिवार सुबह गोताखोरों की मदद से उनका शव तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार, अर्जुन सिंह शुक्रवार रात करीब आठ बजे खेत पर फसल देखने गए थे। खेत का निरीक्षण करने के बाद घर लौटते समय गांव के पास स्थित तालाब के किनारे उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से वह गहरे पानी में गिर गए और डूब गए। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। ग्रामीणों के साथ रात में उनकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह दोबारा खोजबीन शुरू की गई। आशंका के आधार पर तालाब में गोताखोरों को उतारा गया, जिन्होंने सुबह करीब नौ बजे अर्जुन सिंह का शव बरामद कर लिया। घटना की सूचना पर कोटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पुत्र पंकज सिंह, मिथुन सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तालाब में डूबने से हुई दुर्घटनावश मृत्यु का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

# पिता के बाद बेटे को भी खो बैठी मां. नोएडा हादसे की दर्दनाक कहानी, इकलौता सहारा हाईटेक सिटी के नाले में 'डूब गया'!

( यंग भारत न्यूज )

फर्रुखाबाद के कायमगंज स्थित गंगा दरवाजा मोहल्ले के हर गली और हर घर में सिर्फ एक ही नाम की चर्चा है 'आर्यन'. वह बेटा, जिसने गरीबी से लड़कर पढ़ाई की, पॉलीटेक्निक के बाद बीटेक किया, मां की उम्मीदों को सहारा देने के लिए नोएडा की राह पकड़ी और नौकरी करते हुए परिवार के बेहतर भविष्य के सपने देखे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वही बेटा एक दिन लापरवाही की भेंट चढ़ जाएगा और उसकी पार्थिव शरीर घर लौटेगा.




आर्यन के परिजनों का कहना है कि उन्हें सबसे पहले एक फोन आया, जिसमें सिर्फ इतना बताया गया कि आर्यन की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिवार आननफानन में फर्रुखाबाद से नोएडा के लिए रवाना हो गया. उन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि जिस बेटे को देखने जा रहे हैं, वह अब इस दुनिया में नहीं रहा. परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने पर उन्हें पता चला कि आर्यन की मौत हो चुकी है. इतना ही नहीं, शुरुआती दौर में उन्हें अस्पताल में शव तक नहीं दिखाया गया. बाद में पुलिस से संपर्क करने पर अधिकारियों ने सहयोग किया और उन्हें घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी दिखाए. आर्यन के चाचा ने बताया कि जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखी तो पूरा घटनाक्रम सामने आ गया. फुटेज में दिखा कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां एक पोल में करंट दौड़ रहा था. उसी के पास नाला भी था. आर्यन उसकी चपेट में आ गया. उसे बचाने के लिए एक अन्य व्यक्ति भी दौड़ा, लेकिन उसे भी करंट का झटका लगा और वह पीछे हट गया. कोई भी आर्यन को बचा नहीं सका.परिजनों का सवाल है कि अगर सार्वजनिक स्थान पर बिजली का पोल करंट से प्रभावित था तो उसकी मरम्मत क्यों नहीं की गई आखिर इतनी बड़ी और आधुनिक कही जाने वाली नोएडा जैसी सिटी में ऐसी खतरनाक लापरवाही कैसे हो सकती है आर्यन की कहानी सिर्फ एक हादसे की नहीं, बल्कि संघर्ष और जिम्मेदारियों की कहानी भी है. फर्रुखाबाद के कायमगंज तहसील के गंगा दरवाजा मोहल्ले का रहने वाला आर्यन बेहद साधारण परिवार से था. उसने पॉलीटेक्निक के बाद बीटेक की पढ़ाई पूरी की और करीब ढाई वर्ष पहले नौकरी की तलाश में नोएडा चला गया. बताया जाता है कि वह नोएडा की एक सोलर पैनल फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था. परिवार के मुताबिक, वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और लगातार बेहतर अवसरों की तलाश में मेहनत कर रहा था. आर्यन के परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर थी. पांच वर्ष पहले उसके पिता संजय कुमार प्रजापति, जो कंपाउंडर का काम करते थे, कैंसर से पीड़ित होने के बाद दुनिया छोड़ गए थे. पिता के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी मां रेनू देवी और आर्यन के कंधों पर आ गई. घर में न जमीन थी और न ही पैतृक मिट्टी के बर्तन बनाने का काम बचा था, जिससे परिवार का गुजारा हो सके. ऐसे हालात में मां ने कठिन परिस्थितियों के बीच बेटे की पढ़ाई पूरी कराई. आर्यन भी नौकरी कर मां का सहारा बना और घर की आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा था. गुरुवार देर शाम आर्यन का शव फर्रुखाबाद पहुंचा. बेटे का शव देखते ही मां बेसुध हो गई. शुक्रवार सुबह पूरे गांव और मोहल्ले की मौजूदगी में आर्यन का अंतिम संस्कार कर दिया गया. हर आंख नम थी और हर जुबान पर एक ही सवाल था कि अगर समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त होतीं तो शायद आर्यन आज जिंदा होता. आर्यन की मौत ने एक बार फिर शहरी व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. परिजनों का कहना है कि नोएडा जैसे विकसित शहर में यदि खुले नाले, करंट वाले पोल और खराब सुरक्षा व्यवस्था लोगों की जान ले रही है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए. एक मां ने पहले पति को खोया और अब इकलौते बेटे को भी. आर्यन की मौत सिर्फ एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की चिंता भी है, जो बेहतर भविष्य की तलाश में अपने घरों से दूर बड़े शहरों का रुख करते हैं. अगर बुनियादी सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं होगी तो ऐसे सपने कब तक यूं ही लापरवाही की भेंट चढ़ते रहेंगे

# वाराणसी में पुरुषों को छेड़ रही पांच महिलाओं को एण्टी रोमियो टीम ने पकड़ा, सार्वजनिक जगह पर कर रही थीं अश्लील इशारे

( यंग भारत न्यूज )

**वाराणसी।** पुलसि की एण्टी रोमियो टीम वैसे तो छेड़खानी कर रहे युवाओं और पुरुषों को पकड़ती रही है लेकनि काशी में गंगा उल्टी बहती नजर आ रही हैं। यहां पर रोमियो नहीं जूलयिट को एण्टी रोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थल पर अश्लील इशारे करते दबोचा है। पुलिस ने पांचों महलिाओं को पकड़कर उनपर वधिकि कार्रवाई भी की है।



अश्लीलता फैलाने वाली और युवाओं पुरुषों को छेड़ने वाली पांच महिलाओं को वाराणसी पुलसि ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर की गई, जो जलि में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। पुलसि ने बताया कि पुलिस उपायुक्त काशी जोन, अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी और सहायक पुलिस उपायुक्त के नर्दिेश पर थाना सिगरा की एण्टी रोमियो टीम ने सूचना मिलने पर कैंट स्टेशन के पास पिलर नंबर 59 के करीब भारत पेट्रोल पंप के पास जांच की। पुलसि ने इस दौरान पाया कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों को वह अश्लील इशारे कर वह परेशान कर रही हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक सिगरा के निर्देश पर एण्टी रोमियो टीम ने जानकारी होने के बाद घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। वहां मौजूद जनता से मिली जानकारी के अनुसार सूचना सही पाई गई। टीम ने मौके से पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया, जिनमें से चार की उम्र लगभग 40 वर्ष है और एक महिला की उम्र 27 वर्ष है। गिरफ्तार की गई महिलाओं में शबनम (काल्पनिक नाम), रबिना (काल्पनिक नाम), गुडिया (काल्पनिक नाम), महेन्द्री (काल्पनिक नाम) और गोल्डी (काल्पनिक नाम) शामिल हैं। गिरफ्तार महिलाओं के खिलाफ थाना सिगरा में वभिन्नि धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि पुलिस द्वारा इस मामले में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई वाराणसी में महिलाओं द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर अश्लीलता के खिलाफ उठाए गए कदमों का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। पुलसि ने बताया कि एण्टी रोमियो टीम का उद्देश्य समाज में सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देना है, ताकि सभी नागरिक बिना किसी डर के सार्वजनिक स्थलों पर जा सकें।

# बॉर्डर से घुसे और 2800 किलोमीटर दूर पहुंच गए 8 बांग्लादेशी, आराम से कमा रहे थे पैसे, फिर खुल गई पोल

( यंग भारत न्यूज )



कर्नाटक के मंगलुरु में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेश के 8 नागरिकों को हिरासत में लिया है. पुलिस के अनुसार, ये सभी बिना वैलिड ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स के देश में घुसने के बाद सुरतकल क्षेत्र के एक कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूर के रूप में काम कर रहे थे.मामले में अवैध घुसपैठ और रोजगार उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क की भी जांच शुरू कर दी गई है. बता दें कि इन सभी बांग्लादेशियों ने इंटरनेशनल बॉर्डर से तकरीबन 2800 किलोमीटर की दूरी तय कर मंगलुरु पहुंचे थे. मंगलुरु नगर के पुलिस आयुक्त सुधीर कुमार रेड्डी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुरतकल थाना क्षेत्र के एक निर्माणाधीन भवन में कुछ संदिग्ध विदेशी नागरिक काम कर रहे हैं. इसके आधार पर 9 जुलाई को पुलिस ने वहां तलाशी अभियान चलाया और निर्माण स्थल पर कार्यरत कुल 54 मजदूरों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया. जांच के दौरान 8 के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए. पूछताछ और दस्तावेजों की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वे बांग्लादेश के नागरिक हैं और उनके पास भारत में प्रवेश या यहां रहने के लिए कोई वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं. इसके बाद पुलिस ने सभी 8 लोगों को हिरासत में ले लिया. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह ग्रुप करीब 3 महीने पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद क्षेत्र के रास्ते कथित तौर पर भारत में दाखिल हुआ था. इसके बाद उन्हें पश्चिम बंगाल के पते वाले आधार कार्ड की फोटो कॉपीज उपलब्ध कराई गईं, जिनपर उनके फोटो लगे हुए थे. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये दस्तावेज किसने तैयार कराए और इन्हें किस नेटवर्क के जरिए उपलब्ध कराया गया. अधिकारियों के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोग पिछले करीब दो महीने से सुरतकल के निकट मुक्का स्थित एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे. पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने बांग्लादेश के राष्ट्रीय पहचान पत्र भी अधिकारियों को दिखाए, जिससे उनके बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई.

# अलका याग्निक का फैन था ओसामा बिन लादेन, हमेशा सुनता था ये 3 गाने, सिंगर ने कहा था- उसे पसंद है तो अच्छा है ना

( यंग भारत न्यूज )

निर्माता अनु रंजन के शो 'रील ऑर रियल विद अनु' में पहुंचीं दिग्गज गायिका अलका याग्निक ने अपने करियर से जुड़े कई ऐसे किस्से साझा किए, जिनकी चर्चा आज भी होती है. बातचीत के दौरान उन्होंने संगीत की दुनिया में होने वाली राजनीति, अपने करियर के उतार-चढ़ाव और उस विवादित दावे पर भी खुलकर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया था कि आतंकी ओसामा बिन लादेन उनके गानों का बड़ा प्रशंसक था.सालों पहले मीडिया में यह खबर सामने आई थी कि ओसामा के ठिकाने से अलका याग्निक के गानों की कैसेटें बरामद हुई थीं.



इस सवाल पर सिंगर ने बेहद सहज और मजाकिया अंदाज में जवाब दिया और कहा कि अगर किसी को उनके गाने पसंद हैं तो इसमें उनकी क्या गलती है. उन्होंने अपनी बात हंसी-मजाक में रखी, लेकिन साथ ही कलाकार और कला के रिश्ते पर भी दिलचस्प टिप्पणी की. इंटरव्यू के दौरान जब अनु रंजन ने अलका याग्निक से पूछा कि दुनिया के सबसे कुख्यात आतंकियों में शामिल ओसामा बिन लादेन के ठिकाने से उनके गानों की कैसेटें मिलने की खबर पर उन्हें कैसा लगा था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'इसमें मेरी क्या गलती है' उन्होंने आगे कहा कि शायद उसके भीतर कहीं न कहीं एक कलाकार भी रहा होगा, जिसे संगीत पसंद था. अलका ने इस पूरे मामले को हल्के-फुल्के अंदाज में लिया और कहा कि अगर किसी को उनका संगीत पसंद आया तो इसे गलत नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए. उनका यह जवाब अब एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है. अलका याग्निक ने बातचीत में यह भी स्वीकार किया कि फिल्म इंडस्ट्री और संगीत जगत में राजनीति हमेशा से रही है. उन्होंने बताया कि कई बार बेहतरीन गाने उनके हाथ से सिर्फ इसलिए निकल गए क्योंकि इंडस्ट्री में लॉबिंग और ग्रुपबाजी हावी थी. हालांकि उन्होंने इस बात का कभी अफसोस नहीं किया. सिंगर का कहना था कि हर कलाकार के हिस्से में वही काम आता है जो उसकी किस्मत में लिखा होता है. उन्होंने हमेशा अपने काम पर भरोसा रखा और किसी के खिलाफ शिकायत करने के बजाय आगे बढ़ने का रास्ता चुना. अलका ने कहा कि लंबा करियर बनाए रखने के लिए प्रतिभा के साथ धैर्य और सकारात्मक सोच भी बेहद जरूरी होती है.

# जिसने पॉक्सो लगाया, उसका दोबारा रेप कर परिवार को किया खत्म

## -अपने पत्नी और 2 मासूम बेटों को भी काटा, तेलंगाना में जमानत पर आए अपराधी ने किए 6 कत्ल

( यंग भारत न्यूज )

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में पॉक्सो मामले में गिरफ्तार होने के बाद जमानत पर बाहर आए एक आरोपित ने एक ही रात में छह लोगों की हत्या कर दी। उसने बदले की आग में अंधा होकर एक ही रात में छह लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस दिल दहला देने वाले सामूहिक हत्याकांड से पूरे इलाके में हाहाकार मच गया है। घटना की भयावहता को देखकर लोगों में भारी गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है।



नरपिशाच बन चुके आरोपित राजकुमार ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात इस वीभत्स हत्याकांड को अंजाम दिया। उसने सबसे पहले शबाद स्थित अपने घर में अपनी ही पत्नी पार्वती सरिता पर जानलेवा हमला किया। उसने अपनी पत्नी को बेरहमी से काट डाला। इसके बाद उसने अपने ही दो मासूम बेटों की गला रेतकर हत्या कर दी। इन बेकसूर बच्चों की उम्र महज दो से तीन साल थी। अपनों का खून बहाने के बाद भी इस हैवान का दिल नहीं भरा। वह तुरंत वहाँ से 6 किलोमीटर दूर दूसरे गाँव के लिए रवाना हो गया। वह सीधा उस 17 साल की नाबालिग किशोरी के घर पहुँचा जिसने उसके खिलाफ यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपित ने किशोरी के घर पहुँचकर बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। वह नाबालिग किशोरी को जबरन घसीटते हुए खेत की तरफ ले गया। पुलिस की शुरुआती जाँच में सामने आया है कि हत्यारे ने पहले किशोरी का दोबारा रेप किया। इसके बाद उसने किशोरी की तड़पा-तड़पाकर जान ले ली। हैवानियत का हदें यहीं नहीं रुका। आरोपित वापस किशोरी के घर में घुसा। उसने वहाँ मौजूद किशोरी की माँ और उसकी बूढ़ी नानी पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसने उन दोनों महिलाओं को भी तड़पाकर मार डाला। इस तरह उसने शिकायत करने वाले पूरे परिवार को खत्म कर दिया। इस भयानक नरसंहार को अंजाम देने के बाद हत्यारे राजकुमार ने अपने पिता और अन्य रिश्तेदारों को फोन मिलाया। उसने फोन पर चीख-चीखकर अपना जुर्म कबूल किया। उसने कहा कि उसने दोनों परिवारों के सभी लोगों को हमेशा के लिए सुला दिया है। इसके बाद उसने पुलिस से बचने के लिए खुदकुशी करने की धमकी दी और अँधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# इस देश के मर्द अपनी औरतों के साथ कर सकते हैं ये घिनौना काम! बस नहीं टूटनी चाहिए हड्डी; इस कानून की हर तरफ हो रही थू-थू

( यंग भारत न्यूज )

अफ़गानिस्तान में तालिबान अधिकारियों ने एक बहुत सख़्त आदेश जारी किया है. इस आदेश के तहत कुकर्म (सोडोमी) के लिए मौत की सज़ा का प्रावधान है और पुरुषों को अपनी पत्नियों को पीटने की इजाज़त दी गई है, बशर्ते वो हड्डियाँ न तोड़ें या शरीर पर साफ़ दिखने वाले, गहरे ज़ख्म न छोड़ें. मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस कदम को 'बहुत बुरा' बताया है और चेतावनी दी है कि इससे महिलाओं के लिए न्याय पाने का रास्ता और भी सीमित हो जाएगा. काबुल से मानवाधिकार कार्यकर्ता महबूबा सेराज ने सीएनएन को इस बात जानकारी दी है कि, पुरुषों को महिलाओं पर पूरी तरह हुकूमत करने का अधिकार है. उनकी बात ही कानून है बस यही सच है.'

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह आदेश पिछले महीने जारी किया गया था, लेकिन हाल ही में यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया. यह आदेश अफ़गान मानवाधिकार समूह 'रवादारी' को लीक हुआ था, जिसने इसे मूल पश्तो भाषा में प्रकाशित किया. इसके बाद 'अफ़गानिस्तान एनालिस्ट्स नेटवर्क' ने इस दस्तावेज़ का अंग्रेज़ी में अनुवाद किया. इसमें बताई गई सज़ाएँ अफ़गानिस्तान में पहले से ही आम थीं, लेकिन अगस्त 2021 में अमेरिका और उसके सहयोगियों के देश से हटने और तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पहली बार इन्हें इतने साफ़ तौर पर



लिखित रूप में दर्ज किया गया है. तालिबान का कहना है कि उसके सभी फ़ैसले इस्लामी शरिया कानून के मुताबिक हैं और उन्हें धार्मिक मान्यता प्राप्त है. 'अफ़गानिस्तान एनालिस्ट्स नेटवर्क' के अनुवाद के अनुसार, इस नियम-संहिता में कहा गया है, 'अगर कोई पति अपनी पत्नी को इतनी बुरी तरह पीटता है कि उसकी हड्डी टूट जाती है, या खुला ज़ख्म हो जाता है, या शरीर पर चोट के निशान (नील) पड़ जाते हैं, और पत्नी जज के पास शिकायत करती है, तो पति को दोषी माना जाएगा. जज को उसे 15 दिन की जेल की सज़ा सुनानी चाहिए.' जानवरों के साथ क्रूरता के लिए सज़ा ज़्यादा सख़्त है. आदेश में कहा गया है कि जो कोई भी कुत्तों या मुर्गों जैसे जानवरों को लड़ने के लिए मजबूर करता है, उसे पाँच महीने की जेल की सज़ा दी जानी चाहिए.

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य करेंगे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ वृक्षारोपण और संवाद

## महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में दिनांक 12 जुलाई 2026 को होगा पौधों का रोपण, तैयारियां पूर्ण :- डीएम

- जिलाधिकारी ने 12 जुलाई 2026 को जनपद में वृहद् वृक्षारोपण अभियान-2026 की सफलता हेतु किया वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण
- जिलाधिकारी ने नवगृह वाटिका एवं वन विभाग द्वारा तैयार की गई नर्सरी का किया स्थलीय निरीक्षण
- जनभागीदारी से सफल होगा बृहद वृक्षारोपण अभियानः- जिलाधिकारी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद में 12 जुलाई 2026 को वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल बनाने के दृष्टिगत मुख्य कार्यक्रम स्थल महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज प्रांगण में वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने 12 जुलाई 2026 को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के कर कमलों से 'एक पेड़ माँ के नाम' वृहद् वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के संग करेंगे। वृक्षारोपण के पश्चात् डिप्टी सीएम मेडिकल कॉलेज के गांधी ऑडिटोरियम में समूह की महिलाओं के साथ करेंगे संवाद और योजना अंतर्गत चेक का वितरण करेंगे। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी श्री विकास यादव के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य 01 करोड़ 02 लाख से अधिक पौधों को रोपित किये जाने के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुये विभागीय अधिकारियों से आज तक किये गये पौधों के उठान के बारे में विभागवार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि 12 जुलाई 2026 को वन विभाग सहित सभी विभागों द्वारा एक ही दिन में वृक्षारोपण करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरुप वृक्षापोपण का महत्व एवं स्वस्थ जीवन शैली में वृक्षों की उपयोगिता बताते हुये उपस्थित अधिकारियों को पूरे उत्साह एवं सामाजिक सहभागिता के साथ शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कराते हुये लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने सभी विभागध्यक्षों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य दिनांक 12 जुलाई 2025 को करते हुए उसकी जियो टैगिंग करने के निर्देश दिया। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ सामाजिक वानिकी के प्रोत्साहन हेतु नगर पालिका क्षेत्रों, नई सड़कों के निर्माणोपरान्त किनारों पर वृक्षारोपण, मनरेगा द्वारा कराये जा रहे कार्यों, अमृतसरोवर, तालाबों, गोशालाओं आदि के आस-पास के वातावरण को हरा-भरा एवं सौन्दर्यीकृत करने हेतु पूरे वर्ष वृक्षारोपण कराते रहने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मुख्य कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी श्री विकास यादव द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2026-27 में वृहद वृक्षारोपण अभियान- 2026 हेतु जनपद में कुल 10266400 पौधे रोपित किये जाने है, जिसमें 5024000 पौधो का रोपण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। शेष सभी अन्य विभागों विभागों जैसे ग्राम विकास, राजस्व, पंचायती, आवास विकास, औद्योगिक विकास, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, उद्योग, विद्युत, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, श्रम परिवहन, उद्यान सहित अन्य विभागों को पौधो का रोपण अभियान चला कर किया जाना है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि 05 जून 2026 से अब तक जनपद में 1073000 पौधों का रोपण कर दिया गया है। इसमें वन विभाग द्वारा 174000 पौध भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अभी जनपद में वन विभाग की पौधशालाओं में 9839973 पौध उपलब्ध है।जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में मा0 जनप्रतिनिधिगणों को इसकी सूचना के साथ आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता को प्राथमिकता दी जाए तथा "एक पेड़ माॅ के नाम-3.0" थीम पर रोपित किये जाने वाले पौधों को अभियान के रूप में चलाने हेतु जनपद के युवा वर्गो का विशेष तौर पर सहयोग लिया जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ0 सुधीर कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी श्री विकास यादव सहित डीसी मनरेगा श्रीशखर कुमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम श्री सुनील कुमार, एडीएफओ श्री संतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आज मणिकर्णिका आर्ट गैलरी में राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रदर्शनी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की डायरेक्टर कामिनी बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई 2026 को मणिकर्णिका आर्ट गैलरी एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए बाल, जूनियर, टीनएजर तथा उभरते कलाकार अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य युवा एवं नवोदित कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा समाज में कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कामिनी बघेल ने सभी कला प्रेमियों, कलाकारों, अभिभावकों एवं नागरिकों से प्रदर्शनी में उपस्थित होकर युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।इस आयोजन के संयोजक प्रवीण सिंह एवं सहसंयोजक अमर सोनी हैं।




# भाजपा जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न

( यंग भारत न्यूज )





**झांसी।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक 'टिफिन बैठक' का आयोजन स्थानीय भाजपा कार्यालय में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा तैयार करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंच पर रहे वरिष्ठ पदाधिकारी

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने की। मंच पर उनके साथ जिला महामंत्री विनोद नायक एवं जिला महामंत्री अरविंद राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने संगठन की मजबूती के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और आगे की कार्ययोजना साझा की:डिजिटल लर्निंग अभियान: प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए इस अभियान के तहत प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है।सरल ऐप पर प्रशिक्षण: बूथ स्तर पर संयोजकों को बैठकें आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं को 'सरल ऐप' का प्रशिक्षण दिलाना होगा। साथ ही, प्रत्येक बूथ पर कम से कम 25 व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर उनके सर्टिफिकेट डाउनलोड कराने और इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर जमा करने के निर्देश दिए गए।एक बूथ, दस वृक्ष' अभियान: पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ प्रत्येक बूथ पर 10 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। ये पौधे पार्कों और सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे और कार्यकर्ता इनके रोपण के साथ-साथ इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।मासिक बैठक एवं कार्रवाई रजिस्टर: प्रत्येक शक्ति केंद्र और प्रत्येक बूथ पर मासिक बैठक का कार्रवाई रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार किया जाएगा। शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और शक्ति केंद्र प्रवासी की उपस्थिति में शत-प्रतिशत बूथ अध्यक्षों के साथ ये बैठकें संपन्न कराई जाएंगी।'मन की बात' और पन्ना प्रमुख: आवंटित बूथों पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण और बूथ समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख नियुक्त करने और वोटर्स की अद्यतन (अपडेटेड) सूची तैयार करने पर बल दिया गया। सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने आवंटित बूथों पर प्रवास करने का आग्रह भी किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की रही गरिमामयी उपस्थितिबैठक में संगठन के प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारी संख्या में पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से अभिषेक जैन, मीनू राजावत, ज्योति लिटोरिया, अंकित राज यादव, विनीत खटीक, मन्नू सिंह, प्रियांशु डे, मोहित पोरवाल, शैलेंद्र परमार, चेतन ओझा, मनोज श्रीवास, मंगल श्रीवास्तव, सुधाकर मिश्रा, कपिल बिरसेनिया, कमलेश परिहार, हेमंत पांचाल, बलवीर कुशवाहा, तलविंदर सिंह, धर्मेंद्र पाठक, मुकुल द्विवेदी, अनुभव चतुर्वेदी, श्याम बिरथरे, प्रमोद कुशवाहा, राहुल सैनी, पलविंदर सिंह, सचिन शर्मा, संजय लॉन्गसन, रेहान खान, सौरभ गुप्ता, पवन सिंह, राजेश पाल, प्रशांत भार्गव, विवेक नगरिया, रवि राजपूत एवं चित्रांक द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक के समापन पर जिला महामंत्री विनोद नायक ने कार्यक्रम में आए हुए सभी पदाधिकारियों, अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

- डिजिटल अभियान और वृक्षारोपण पर दिया जोर, प्रत्येक बूथ पर 10 वृक्ष लगाने का लक्ष्य
- टिफिन बैठक - संगठन को शाहसक्कत एवं प्रभारी बनाने हेतु कार्यक्रम के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने साथ भोजन किया और संगठनात्मक चर्चा हुई

# यूपी में शिक्षकों के स्थानांतरण और तबादला नीति पर रोक, इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

( यंग भारत न्यूज )



**प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के तबादले और उन्हें सरप्लस घोषित करने की राज्य सरकार की नीति पर नाराजगी जताते हुए वर्ष 2026 की तबादला नीति के उस हिस्से और उसके तहत जारी किए गए ट्रांसफर ऑर्डर पर रोक लगा दी है, जो शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करते हैं. कोर्ट ने सरकार द्वारा बार-बार अपने ही पुराने आश्वासनों को तोड़े जाने पर नाराजगी जताई है और प्रमुख सचिव को दो सप्ताह के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है.

यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने विपिन कुमार आर्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है. याची की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गत एक जून को एक गाइडलाइन/सर्कुलर जारी किया था. इस नीति में सरप्लस (अतिरिक्त) कर्मचारियों का निर्धारण करने के लिए 20 नवंबर 1976 के एक पुराने शासनादेश का सहारा लिया गया है. इस नीति के तहत याची को सरप्लस घोषित कर 30 जून को उनका तबादला राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज से कर दिया गया था. सुनवाई के दौरान पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड पेश करते हुए बताया गया कि सरकार हर बार एक ही गलती दोहरा रही है. वर्ष 2017 में जब 1976 के इस शासनादेश को चुनौती दी गई थी, तब कोर्ट ने माना था कि यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में तय छात्र-शिक्षक अनुपात का पालन नहीं करता. उस वक्त सरकार ने कोर्ट में बाकायदा हलफनामा देकर वादा किया था कि अपनी गलती सुधारेंगे और आरटीई एक्ट के नियमों के तहत ही फ्रेश ट्रांसफर एक्सरसाइज करेंगे.यह भी बताया गया कि सरकार ने अपने वादे के उलट 2018 और फिर 2022 में भी इसी पुराने 1976 के ढर्रे पर नीतियां बनाईं, जिन पर हाईकोर्ट ने अलग-अलग याचिकाओं में रोक लगाई. 2022 में हुई याचिका अब तक विचाराधीन है. अब 2026 में सरकार ने फिर से बिना आरटीई एक्ट 2009 के प्रावधानों का पालन किए एक जून का सर्कुलर जारी कर दिया. कोर्ट ने सरकारी वकील से इस पर जवाब मांगा तो उन्होंने निर्देश प्राप्त करने के लिए समय की मांग की. इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों और सरकार द्वारा खुद दिए गए हलफनामे के बावजूद अधिकारी लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं. कोर्ट ने अगले आदेश तक एक जून 2026 के शासनादेश और उसके तहत जारी 30 जून 2026 के ट्रांसफर ऑर्डर को स्थगित कर दिया. साथ ही कहा कि याची को उनके वर्तमान तैनाती स्थल यानी राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में काम करने से न रोका जाए और ट्रांसफर ऑर्डर को अमल में न लाया जाए. कोर्ट ने प्रदेश सरकार के संबंधित उच्चाधिकारी को आदेश दिया है कि वह 28 जुलाई से पहले व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें और बताएं कि कोर्ट में दिए गए पुराने आश्वासनों का बार-बार उल्लंघन क्यों किया जा रहा है

# सेन्ट फ्रांसिस कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** सेन्ट फांसिस कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज में स्कूल कैबिनेट हेतु पद भार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने विद्यालय की संस्थापिका मदर मैरी वार्ड के जीवन-आदर्शों को नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मिर्लिन ने छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व एक ऐसी जिम्मेदारी है जहाँ सामूहिक लक्ष्यों को सेवा, अनुषासन और टीम भावना से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर हेड गर्ल दिव्यांगना सिंह गुर्जर को, वाइस हेड गर्ल भव्या जैन को चुना गया जिन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा करने की शपथ ली। शपथ लेने वाली छात्राओं में स्पोटर्स कैप्टन सान्वी भार्गव, वाइस स्पोटर्स कैप्टन एडलिन माइकल जॉन, मैरी वार्ड हाउस कैप्टन पावनी गोस्वामी, वाइस कैप्टन मानवी निगम, असीसी हाउस कैप्टन मृणालिका रीतिका कैनिथ, वाइस कैप्टन जीवांषी लुधवानी, गांधी हाउस कैप्टन शुभी निगम, वाइस कैप्टन काव्या अग्रवाल, टेगौर हाउस कैप्टन नित्या शर्मा, वाइस कैप्टन नेहल सिंह, संपादक षिरीन टिरकी एवं वैभव तिवारी ने शपथ ली विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मर्लिन ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की छात्रा अनुभूति जुनेजा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जीआरपी उरई की बड़ी सफलताः ट्रेनों में महिलाओं को निशाना बनाने वाला शातिर चोर गिरोह गिरफ्तार, 9 मोबाइल व जेवरात बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जीआरपी थाना उरई पुलिस ने ट्रेनों में चोरी और छीना-झपटी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन, दो जोड़ी पायल, एक चेन, दो जोड़ी सफेद धातु की बिछिया, नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस इस कार्रवाई को हाल के समय की बड़ी सफलता मान रही है।

रेलवे पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जीआरपी थाना उरई की टीम लगातार ट्रेनों में हो रही चोरी की घटनाओं पर नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में पुलिस ने रेलवे स्टेशन उरई के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर झांसी की ओर पुराने मालगोदाम के पास से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ मुखिया यादव निवासी चक जगदेवपुर, रवि यादव निवासी कुशमी खरुसा थाना एट (जनपद जालौन), अमन शुक्ला निवासी पुखरायां थाना भोगनीपुर तथा बबलू दोहरे निवासी ततारपुर थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई है। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी रात के समय ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों, विशेषकर सो रही महिलाओं को निशाना बनाते थे। मौका मिलते ही वे उनके बैग और अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। पिछले कई महीनों से इस गिरोह की तलाश की जा रही थी और इनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जीआरपी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही बरामद सामान के वास्तविक स्वामियों की पहचान कर उन्हें सुपुर्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रेमचंद्र, हेड कांस्टेबल महेश्वरी दीन, कांस्टेबल राहुल कुमार तथा विशेष ड्यूटी पर तैनात लक्ष्मण सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रेलवे पुलिस ने यात्रियों से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल जीआरपी को देने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री के आगमन की पूर्व तैयारी में कटे हरे-भरे पेड़; पर्यावरण प्रेमियों और छात्रों में भारी आक्रोश

( यंग भारत न्यूज )



बांदा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी 13 जुलाई के प्रस्तावित कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के नाम पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही पेड़ कटाई पर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय से कालू कुआँ मार्ग के किनारे लगे कुछ हरे-भरे पेड़ों को बिना किसी ठोस कारण के मशीनों से जड़ से काट दिया गया है वहीं शहर के कई मार्गों में पेड़ काट दिए गए है।स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि जिन पेड़ों को काटा गया है, वे न तो जनसभा स्थल के बीच में थे और न ही वहां कोई हेलीपैड बनाया जा रहा है। ये पेड़ सड़क और मैदान के किनारे सुरक्षित खड़े थे, जिनसे किसी भी प्रकार का आवागमन बाधित नहीं हो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि प्रशासन के अधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री जी स्वयं पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के कड़े निर्देश दे चुके हैं फिर ये उनके आदेशों को अनदेखा क्यों कर रहे है।बांदा के पर्यावरण प्रेमी यश त्रिवेदी ने इसे प्रकृति के साथ 'अनैतिक कृत्य' करार देते हुए कहा कि भीषण गर्मी और विश्व में सबसे उच्च तापमान झेल चुके बांदा में पेड़ों की हत्या भविष्य के लिए ऑक्सीजन संकट पैदा करेगी। पूर्व बीजेपी जिला कार्यकारणी सदस्य बाबू राम निषाद ने इसे मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने की साजिश बताया। वहीं, अधिवक्ता व छात्र नेता लव सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्वागत वृक्षारोपण से होना चाहिए था, न कि पेड़ों की बलि देकर।'बांदा जल जंगल पहाड़ बचाओ अभियान' से जुड़े सदस्य और समाजसेवि ओम राजपूत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई नहीं की गई, तो पर्यावरण प्रेमी और बांदा की जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। मामले की जानकारी वन विभाग , महाविद्यालय के प्राचार्य को भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है इसकी शिकायत संबंधित उच्च अधिकारी और वन मंत्री जी को भी दी जाएगी। इस विरोध में शिवा शुक्ला, कार्तिक आनंद, अतुल साहू, हर्ष श्रीवास्तव, पवन अवस्थी, अभिषेक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और छात्र ने आक्रोष व्यक्त किया ।सभी ने एक स्वर में मांग की है कि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718